# बी.सी. फार्माकेयर

## फेयर फार्माकेयर योजना

फेयर फार्माकेयर योजना बी.सी. में डॉक्टर की लिखी कई दवाओं, फार्मेसी सेवाओं और कुछ चिकित्सा उपकरणों और आपूर्तियों के लिए भुगतान करने में लोगों की मदद करता है। अभी पंजीकरण करें, यह निःशुल्क है! कवरेज तुरंत शुरू हो जाता है।

### फेयर फार्माकेयर बी.सी. में रहने वाले प्रत्येक परिवार के लिए है।

परिवार का अर्थ कोई अकेला व्यक्ति, बच्चे/बच्चों वाला कोई एकल माता/पिता, कोई दंपती या बच्चे/बच्चों वाला कोई दंपती हो सकता है। आपकी आय जितनी कम होगी, आपको उतनी अधिक मदद मिलेगी। फेयर फार्माकेयर अधिकांश प्रेस्क्रिप्शन दवाओं के लिए भुगतान करता है।

फार्माकेयर 2 साल पहले की पारिवारिक सकल आय के आधार पर वार्षिक कटौती योग्य और अधिकतम पारिवारिक लाभ की सीमा निर्धारित करता है। जब आप फार्माकेयर के भुगतान वाली कोई वस्तु खरीदते हैं, तो पात्र लागत कटौती योग्य और अधिकतम पारिवारिक लाभ के अनुसार तय की जाती है।

आपकी कटौती योग्य राशि तक पहुंचने के बाद, फार्माकेयर शेष वर्ष के लिए पात्र लागत का 70 प्रतिशत भुगतान करता है। आपके अधिकतम पारिवारिक लाभ की सीमा तक पहुंचने के बाद, फार्माकेयर शेष वर्ष के लिए योग्य लागत का 100 प्रतिशत भुगतान करता है। फार्मेसी आपसे भुगतान की गई वस्तुओं या संबंधित वितरण शुल्क के लिए शुल्क नहीं ले सकती। यदि परिवार के किसी सदस्य का जन्म 1940 से पहले हुआ है, तो फार्माकेयर कटौती योग्य राशि पूरी होने पर पात्र लागत का 75 प्रतिशत भुगतान करता है।

फेयर फार्माकेयर कवरेज आपके फार्मेसी बिल पर स्वचालित रूप से लागू होता है। आपको रसीदें जमा करने की जरूरत नहीं है।

### पंजीकरण करवाएं

- किसी भी समय ऑनलाइन पंजीकरण करें या www.gov.bc.ca/ahdc पर फॉर्म डाउनलोड करें
- या 1-800-663-7100 (टोल फ्री) सप्ताह के दिनों में सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक
  शनिवार सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक कॉल करें

### ऑनलाइन, फ़ोन या मेल द्वारा पंजीकरण करें

आप केवल एक बार पंजीकरण करना होगा। प्रत्येक वर्ष अपना कर दाखिल करें, और यदि आपको आवश्यकता होगी तो आपका कवरेज उपलब्ध रहेगा। आपको निम्न की आवश्यकता होगी:

- वयस्कों के लिए सोशल इन्श्योरेंस नंबर (SIN)
- पिछले दो साल की टैक्स रिटर्न की जानकारी

### आय जांच के लिए सहमति

आपके पंजीकरण के तुरंत बाद, हम आपको एक सहमति फॉर्म डाक द्वारा भेजेंगे जिस पर आप हस्ताक्षर करके हमें वापस भेजेंगे। हस्ताक्षर करने और वापस भेजने के लिए एक सहमति फॉर्म भेजा जाएगा। यह हमें आपकी कटौती योग्य और पारिवारिक अधिकतम भुगतान राशि निर्धारित करने के लिए प्रत्येक वर्ष कैनेडा रेवन्यू एजेंसी (CRA) के माध्यम से आपकी आय की जांच करने की अनुमति देता है। आपको इन राशियों वाला एक पत्र प्राप्त होगा।

**यदि आप पिछिले दो वर्ष के दौरान अपना कर दाखलि नहीं कर सके हैं:** यदि आप कैनेडा में नए है या कसिी अन्य कारण से 2 साल पहले कैनेडा में कर जमा दाखलि नहीं कर सके, तो आप www.gov.bc.ca/fairpharmacare पर उपलब्ध फेयर फार्माकेयर प्रूफ ऑफ इनकम एफडिवटि का उपयोग करके अपनी आय की जानकारी दे सकते हैं।

**कटौती योग्य:** कटौती योग्य राशि: वह राशि जो फार्माकेयर की मदद से पहले आपके परिवार को पात्र लागतों पर हर साल खर्च करनी ही होगी। आपकी कटौती योग्य राशि पूरी होने के बाद, फार्माकेयर आपकी पात्र लागत का 70% भुगतान करता है। आप तब तक पात्र लागत का 30% भुगतान करते हैं जब तक आप अपनी अधिकतम पारिवारिक राशि तक नहीं पहुंच जाते।

**अधिकतम पारिवारिक राशि:** वह राशि जो कोई भी परिवार पात्र लागतों पर प्रति वर्ष अधिकतम खर्च करेगा। आपके अपने परिवार से अधिकतम राशि मिल जाने के बाद, फार्माकेयर वर्ष के अंत तक आपकी पात्र लागत का 100% भुगतान करता है।

**पात्र लागत:** अधिकांश फार्माकेयर अपने द्वारा कवर की गई प्रत्येक वस्तु और वह शुल्क जो फार्मेसी इसे वितरित करने के लिए लेती है, के लिए भुगतान करेगा।

## जानने योग्य बातें

- कई नियोक्ता स्वास्थ्य योजनाओं के लिए आपको फेयर फार्माकेयर के लिए पंजीकरण कराना आवश्यक होता है। वे अक्सर कटौतीयोग्य और डॉक्टरी दवा की लागत के आपके हिस्से का भुगतान करते हैं
- फेयर फार्माकेयर कवरेज वेटरन्स अफेयर्स जैसे संघीय बीमा को प्रभावित नहीं करता है
- यदि आप अभिभावक/पावर ऑफ अटॉर्नी हैं, तो आप किसी मित्र/परिवार के सदस्य को फोन या ऑनलाइन द्वारा पंजीकृत कर सकते हैं
- यदि आप और आपका पति/पत्नी अलग हो गए हैं या आप में से कोई एक दीर्घकालिक देखभाल में रहता है:
    - यदि आप एक MSP खाते पर रहते हैं, तो अपनी संयुक्त आय का उपयोग करके एकल परिवार के रूप में फेयर फार्माकेयर के लिए पंजीकरण करें
    - यदि आपके पास अलग MSP खाते हैं, तो अलग फेयर फार्माकेयर खातों के लिए पंजीकरण करने के लिए हमें फोन करें
- यदि आप 19-24 वर्ष के पूर्णकालिक छात्र हैं, तो अपने परिवार की फेयर फार्माकेयर योजना पर बने रहने के लिए हमसे संपर्क करें

कृपया अपने फेयर फार्माकेयर खाते की जानकारी नवीनतम रखें। यदि आप विवाह कर लेते हैं, अलग हो जाते हैं, तलाक ले लेते हैं, आपके बच्चे हो जाते हैं, आप बच्चे/बच्चों को गोद ले लेते हैं, या आपके परिवार में किसी सदस्य की मृत्यु हो जाती है या कोई व्यक्ति दीर्घकालिक देखभाल सुविधा गृह में चला जाता हैं, तो आप हमसे संपर्क करें।

## अपनी योजना से अधिकतम लाभ प्राप्त करना

### फेयर फार्माकेयर कवरेज के साथ भी आपको कुछ चीजों के लिए भुगतान करना होगा यदि:

- आप एक ऐसा उत्पाद खरीद रहे हैं जिसे फार्माकेयर कवर नहीं करता है, या
- आपकी अधिकतम पारिवारिक सीमा पूरी नहीं हुई है

यह देखने के लिए फेयर फार्माकेयर कैलकुलेटर का उपयोग करें कि आपकी कटौती योग्य और पारिवारिक अधिकतम सीमा क्या होगी।

my.gov.bc.ca/fpcare/financial-calculator

### प्रिस्क्रिप्शन भरने से पहले:

- विभिन्न फार्मेसियों में दवा की लागत, वितरण शुल्क और सेवाओं की तुलना करें
- भुगतान करने से पहले फार्मासिस्ट से लागत समझाने के लिए कहें
- फार्मासिस्ट या प्रिस्क्राइबर से पूछें कि क्या वे आपको बेहतर कवरेज वाली दवा दे सकते हैं

फार्माकेयर बी.सी. में बेची जाने वाली प्रत्येक प्रिस्क्रिप्शन वस्तु को कवर नहीं करता है। आप उन वस्तुओं की पूरी कीमत का भुगतान करते हैं जो फार्माकेयर द्वारा कवर नहीं की जाती हैं। ये गैर-लाभकारी लागतें आपके कटौती योग्य या पारिवारिक अधिकतम पर लागू नहीं होती हैं।

## अपने कटौती योग्य भुगतान में सहायता प्राप्त करना

### मासिक कटौती योग्य भुगतान

आप समान मासिक भुगतानों में अपनी कटौती योग्य राशि का भुगतान करने में सक्षम हो सकते हैं। यदि आप पात्र हैं, तो फार्माकेयर आपके नामांकन करते ही आपके योग्य नुस्खे की लागत का 70% भुगतान कर देगा, जैसे कि आपने पहले ही अपनी कटौती योग्य राशि पूरी कर ली हो। यह जानने के लिए कि क्या आप पात्र हैं, हमें कॉल करें।

मासिक भुगतान योजना फेयर फार्माकेयर के लिए पंजीकृत किसी भी व्यक्ति या परिवार के लिए उपलब्ध है, जो:

- निजी स्वास्थ्य बीमा योजना के माध्यम से दवा कवरेज नहीं रखता है, और
- फेयर फार्माकेयर में कटौती योग्य है और वर्ष के अंत से पहले इसे पूरा करने की उम्मीद है

### अगर आपकी आय 2 साल के भीतर 10 प्रतिशत गिर जाती है

आपका फेयर फार्माकेयर कवरेज 2 साल पहले की आपकी कुल शुद्ध आय पर आधारित है। यदि आपकी आय 2 वर्षों के भीतर 10 प्रतिशत कम हो जाती है, तो आप अपनी कटौती योग्य राशि और परिवार की अधिकतम सीमा को कम करने के लिए आवेदन कर सकते हैं। यदि आप आय समीक्षा के लिए अर्हता प्राप्त करते हैं, तो आपको चालू वर्ष से कुछ दवा लागतों का रिफंड मिल सकता है।

**आय समीक्षा** के लिए 31 दिसंबर से पहले ऑनलाइन या मेल द्वारा my.gov.bc.ca/fpincome/application पर **आवेदन करें।**

## अधिक जानकारी के लिए

www.gov.bc.ca/fairpharmacare पर जाएं या हमें सोमवार से शुक्रवार सुबह 8 बजे से शाम 8 बजे तक और शनिवार को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक फोन करें।

- लोअर मेनलैंड से: 604-683-7151
- बी.सी. के शेष भागों से (टोल फ्री): 1-800-663-7100

फेयर फार्माकेयर के लिए पंजीकरण करें www.gov.bc.ca/ahdc